दशहरा उत्सव 2019

सेन्ट मोन्ट फोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में ''दशहरा उत्सव'' स्पेशल असेम्बली के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कक्षा छटवीं 'अ' और 'ब' के छात्र–छात्राओं ने इस असेम्बली के द्वारा नवदुर्गा के नौ रूपों का सुन्दर मंचन किया । श्री राम के द्वारा रावण का वध किए जाने तथा बुराई पर अच्छाई की जीत स्वरूप हमारे जीवन की अच्छाई और बुराइयों को विभिन्न पात्रों और सराहनीय नाट्य मंचन के द्वारा दर्शाया ।

जीवन में अच्छाइयों और सदगुणों को अपनाना तथा बुराइयों और दुर्गुणों को छोड़ देने पर जीवन किस प्रकार सुखमय बन जाता है,इस बात को सद्वाक्यों के द्वारा छात्रों ने बखूबी समझाया । नाटक में सभी पात्रों ने उत्तम अभिनय किया। श्रीराम के द्वारा रावण का वध किए जाने पर सभी उपस्थित छात्र–समूह ने तालियाँ बजा कर उनका स्वागत किया। अंत में रावण –दहन के उपलक्ष्य में छात्र–छात्राओं के सुन्दर नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कक्षा 3 की 3 बालिकाओं ने व्यक्तिगत् नृत्य से समा बांध दिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयों को अपनाने तथा अनुशासन में रहकर कार्य करने हेतु सभी छात्रों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में कक्षा 3 से 12 तक के छात्र –छात्राएँ एवं समस्त शिक्षक –शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।